# बिहार सरकार
## पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

कार्यालयः—वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना पार्क प्रमंडल, पटना
Rajdhani Vatika (Eco Park) 800001, Near Old Secretariat, Gate no.-2, Off Mall Road, Patna
(Ph. No. 0612-2233991, Email address: parkdivisionpatna@gmail.com)

## e-Tender Notice No-05/e-PROC/PATPARK/2026-27
(ई–टेंडरिंग द्वारा https://eproc2.bihar.gov.in/Beltron)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का नाम एवं पता | वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना पार्क प्रमंडल, पटना |
| 2 | निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि | दिनांक–15.06.2026 |
| 3 | परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय | दिनांक–25.06.2026 समय–11:00 A.M से दिनांक–30.06.2026 05:00 P.M तक। (www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 4 | संवेदक द्वारा निविदा अपलोड की अंतिम तिथि | दिनांक–04.07.2026 के समय 05:00 P.M बजे तक। (www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 5 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | दिनांक–06.07.2026 के समय–03:00 P.M बजे। (www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 6 | वित्तीय बीड खोलने की तिथि | तकनीकी बीड में सफल होने के उपरान्त। |

### कार्य की विवरणी

| क्र० सं० | कार्य का विवरण | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि (Online के माध्यम से) (www.eproc2.bihar.gov.in) | परिमाण विपत्र का मूल्य (Online के माध्यम से) (www.eproc2.bihar.gov.in) | निविदा प्रक्रिया में भाग लेने हेतु प्रोसेसिंग शुल्क (www.eproc2.bihar.gov.in) | निविदा की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | गंगा पथ पिकनिक क्षेत्र के निर्धारित स्थल पर बैलगाड़ी की आकृति गाड़ीवान सहित स्क्रैप एवं एस.एस. मैटेरियल से निर्माण एवं स्थापना। | 12,00,000/– | रू० 60,000/–(पचास हजार रूपये) | रू० 2000/– प्रति | e-PROC2 | दो माह |

❖ 17 फीट लम्बाई 6 फीट चौड़ाई एवं 6'-6" ईंच ऊँचाई

Detailed description of the terms and conditions as well as tender form for submission of tender can be downloaded from https://www.eproc2.bihar.gov.in

Corrigendum/Attendum, if any, will be published after on the departmental website **https://state.bihar.gov.in/forest/** and e-procurement Portal Bihar **https:// www.eproc2.bihar.gov.in.**

**नोटः—विशेष परिस्थिति में तकनीकी निविदा खोलने के लिये निर्धारित समय एवं तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।**

Peyush

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
पटना पार्क प्रमंडल, पटना।

बिहार सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
कार्यालयः—वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना पार्क प्रमंडल, पटना
Rajdhani Vatika (Eco Park) 800001, Near Old Secretariat, Gate no.-2, Off Mall Road, Patna
(Ph. No. 0612-2233991, Email address: parkdivisionpatna@gmail.com)


# e-Tender Notice No-05/e-PROC/PATPARK/2026-27

## गंगा पथ पिकनिक जोन के निर्धारित स्थल पर बैलगाड़ी की आकृति गाड़ीवान सहित स्थापना हेतु ई—निविदा की शर्तें :—

1. पटना पार्क प्रमंडल अन्तर्गत गंगा पथ पिकनिक जोन के निर्धारित स्थल पर 17 फिट लम्बा स्क्रैप एवं एस.एस. मैटेरियल से बना बैलगाड़ी तथा उस पर बैठा गाड़ीवान की आकृति स्थापना हेतु अनुभवी फार्मों/व्यक्तियों से दिनांक—04.07.2026 को अपराह्न 05:00 बजे तक वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना पार्क प्रमंडल, पटना द्वारा ई—निविदा आमंत्रित किया जाता है।
2. ई—निविदा की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु निविदादाताओं को ई—निविदा के Service Provider के पास पंजीकृत होना होगा, जहाँ उन्हें उपयोगकर्त्ता का नाम (User ID) पासवर्ड (Password) एवं अंकीय हस्ताक्षर (Digital Signature) निर्गत की जायेगी। यह उन्हें वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in से डाउनलोड करने/ ई—टेंडर की प्रक्रिया में भाग लेने की योग्यता प्रदान करेगा। इसके लिए हेल्प डेस्क 'mjunction services Ltd., R.J. Complex, 2nd Floor, Khajpura-Ashiana Road, Opp. Passport Office, P.S. Shastri Nagar, Patna- 800014, Toll Free No. 1800 572 6571, Email Id: eproc2support@bihar.gov.in' से सम्पर्क किया जा सकता है।
3. ई—निविदा प्रपत्र ऑनलाईन डाउनलोड किये जा सकते हैं जिसके लिए रू० 2000/— (दो हजार रूपये) का ई—पेमेंट मोड (NEFT/RTGS/Credit Card/Debit Card, Net Banking) से भुगतान करना होगा। उसी प्रकार www.eproc2.bihar.gov.in को टेन्डर प्रोसेसिंग फीस का भुगतान भी ई—पेमेंट मोड से करना होगा। ई—निविदा प्रपत्र का मूल्य तथा टेन्डर प्रोसेसिंग फीस अप्रत्यर्पणीय होगा।
4. इस ई—निविदा के लिए तकनीकी निविदा के विहित प्रपत्र में अपेक्षित सूचना (कागजात) संलग्न किया जायेगा तथा वित्तीय निविदा के विहित प्रपत्र में दर एक बैलगाड़ी, गाड़ीवान सहित जिसका निर्धारित माप 17 फिट लम्बा तथा इसी के अनुपात में चौड़ाई 6' एवं उँचाई 6' 6" गाड़ीवान आकृति का निर्माण कर गंगा पथ पिकनीक जोन के अन्दर निर्धारित स्थल पर स्थापित करने में सभी कर सहित दर अर्पित किया जायेगा, जिस निविदाकर्त्ता का दर न्यूनतम (L-1) पाया जायेगा निविदा समिति द्वारा उनका चयन किया जायेगा।
5. आकृति का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण उच्च कोटि का होना अनिवार्य है निम्न गुणवत्ता की सामग्री उपयोग होने पर या आकृति आकर्षक नही होने पर आकृति स्थापित करने नही दिया जायेगा।
6. निविदा कर्त्ता नोटरी द्वारा निर्गत घोषणा पत्र तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करेंगे कि उन्हें किसी सरकारी या गैर सरकारी संस्था द्वारा Black Listed नहीं किया गया है तथा संलग्न किये गये सभी अभिलेख की सही—सही (सत्य) है।
7. निविदाकर्त्ता किसी फर्म के नाम निविदा समर्पित करते हैं तो उन्हें फर्म का प्राधिकार पत्र संलग्न करना होगा।
8. निविदाकर्त्ता को ऐसे आकृति का किसी सरकारी/गैर सरकारी संस्था द्वारा कार्य आवंटन किया गया हो तो कार्य आवंटन का प्रमाण स्वहस्ताक्षरित संलग्न करेंगे।
9. निविदाकर्त्ता ऐसे कार्य में अनुभवी/दक्ष है इसका प्रमाण स्वहस्ताक्षरित संलग्न करेंगे।
10. भुगतान की प्रक्रिया—उच्च गुणवत्ता पूर्ण आकृति की स्थापना उपरान्त सफल निविदाकर्त्ता से विपत्र की प्राप्ति तथा बैंक खाता जो CFMS में निबंधित हो की प्राप्ति उपरान्त भुगतान की कार्रवाई की जायेगी।
11. आकार की आकृति स्थापना से पूर्व किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।
12. कार्यादेश निर्गत होने के दो माह के अन्दर आकृति का निर्माण व स्थापना अनिवार्य होगा।
13. जमा अग्रधन की राशि को सफल निविदाकर्त्ता का प्रतिभूति राशि के रूप में कार्यपूर्ण होने तक सुरक्षित रखा जायेगा।
14. निविदा में प्राक्कलित राशि सभी कर सहित है।

15. निविदाकर्त्ता सभी कर सहित दर अर्पित करेंगे।

16. निविदाकर्त्ता को अपने तकनिकी बिड के साथ निम्नांकित स्वःअभिप्रमाणित अभिलेख समर्पित करना होगा।

17. निविदाकर्ता बैलगाड़ी गाड़ीवान सहित की आकृति का एक डिजाईन तथा स्पष्ट फोटोग्राफ संलग्न करेगें, जिसका तकनीकी मूल्याकंन निविदा समिति द्वारा किया जायेगा। कार्य के मूल्याकंन हेतु 100 अंक निर्धारित है। जिसमें उत्तीर्ण होने हेतु कम से कम 70 अंक आवश्यक है। तकनीकी अर्हता में उत्तीर्ण निविदाकर्ता को ही वित्तीय निविदा में प्रतिभाग करने के लिये अनुमति दी जायेगी।

i) व्यक्ति/फर्म/एजेंसी का नाम पता, मोबाईल नं०।
ii) यदि फर्म या एजेंसी के नाम निविदा किया जाता है तो पंजीकरण संख्या।
iii) फर्म एजेंसी के अधिकृत व्यक्ति का नाम पदनाम पता और मोबाईल नं०।
iv) अंकित करें कि क्या निविदादाता एकमात्र स्वामी/साझेदारी फर्म है।
v) निदेशकों/साझेदारों का नाम, पता, टेलिफोन नंबर भी अंकित करें।
vi) निविदा प्रपत्र की मूल्य (रू०–2000/–) जमा करने का विवरण।
vii) ऑनलाईन जमा की गई अग्रधन राशि (रू०–60,000/–) का विवरण।
viii) आयकर विभाग द्वारा जारी पैन कार्ड की प्रति संलग्न करें।
ix) जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।
x) राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा निविदाकर्ता का अभिप्रमाणित हस्ताक्षर संलग्न करें।
xi) सक्षम पदाधिकारी द्वारा वैध चरित्र प्रमाण–पत्र जो छः माह के अधिक पुराना न हो संलग्न करें।
xii) आकृति का डिजाईन एवं फोटोग्राफ संलग्न करें।
xiii) नोटरी का शपथपत्र जिसमें निविदाकर्ता घोषणा करेगें कि उनके द्वारा निविदा के साथ समर्पित कागजात (अभिलेख निविदा खोलने के समय अथवा उसके बाद कभी भी असत्य/जाली/नकली पाया जाता है तो उनके विरूद्ध सक्षम प्राधिकार द्वारा विधिसमत् कार्रवाई की जा सकती है की मूलप्रति संलग्न करें।
xiv) निविदा की शर्तो की स्वीकार करने के प्रतीक के रूप में निविदा शर्त की स्वःहस्ताक्षरित प्रति संलग्न करें।

नोटः– निविदाकर्ता संलग्न अभिलखों का मूल प्रमाण–पत्र निविदा समिति द्वारा मांग करने पर प्रस्तुत करना होगा।

## वित्तीय निविदा

18. सफल निविदाकर्ता निविदा प्रपत्र में अंकित आकृति के निर्माण में प्रयुक्त सभी सामग्री सभी कर तथा परिवहन आदि का मूल्य निर्धारित स्थल पर स्थापना सहित निविदा दर अर्पित करेगें।

19. सफल निविदाकर्ता के द्वारा अर्पित दर में आयकर एवं जी.एस.टी. (टीडीस) की कटौति उनके विपत्र में नियमानुसार की जायेगी।

20. सशर्त एवं त्रुटिपूर्ण निविदा अमान्य होगा।

21. सफल निविदाकर्ता द्वारा बैलगाड़ी गाड़ीवान सहित आकृति का निर्माण एवं स्थापना आदेश निर्गत की तिथि से दो माह के अन्दर करना होगा।

22. सफल निविदाकर्ता निविदा शर्तों का उल्लंघन अथवा निर्धारित मापदंड से निम्नकोटी एवं आकार की आकृति निर्माण करते है तो वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना पार्क प्रमंडल, पटना को यह अधिकार होगा कि वे निविदा को रद्द कर दें तथा सत्यकांर/जमानत राशि को राज्यसात कर लें।

23. सफल निविदाकर्ता द्वारा आकृति में घटिया सामग्री प्रयुक्त किया जाता है तो उसे शीघ्र हटाने का आदेश वन प्रमंडल पदाधिकारी उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा दिया जायेगा। जिसका पालन नहीं करने पर आकृति हटवाने की कार्रवाई की जायेगी। इस पर जो खर्च होगा उसे निविदाकर्ता से वसूल किया जायेगा। निविदाकर्ता को इस कार्य से होने वाले किसी भी क्षति की जिम्मेवारी विभाग पर नहीं होगी।

24. आकृति का निर्माण/स्थापना से संबंधित किसी भी प्रकार का विवाद का निर्णय एक समिति द्वारा किया जायेगा। जिसके समिति का गठन वनों के क्षेत्र पदाधिकारी के स्तर पर किया जायेगा।

25. समिति द्वारा लिया गया निर्णय यदि सफल निविदाकर्ता को मान्य नहीं होगा तो वैसी परिस्थिति में अन्तिम निर्णय वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना पार्क प्रमंडल, पटना द्वारा किया जायेगा। जो सफल निविदाकर्ता को मान्य होगा।

26. सफल निविदाकर्ता को निविदा स्वीकृति की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर 1,000/– रूपये का नन–जूडिसियल स्टाम्प पेपर के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर एकरारनामा करना होगा।

27. आकृति का निर्माण एवं स्थापना सफल निविदाकर्ता के द्वारा ही की जायेगी न की किसी व्यक्ति/फर्म के माध्यम से की जायेगी।

28. निविदादाता द्वारा भरे गये निविदा प्रपत्र से यह समझा जायेगा कि उन्होंने निविदा के शर्तों को पढ़ा/पढ़वाया और समझा है तथा सभी शर्तों को स्वीकार करते है।

29. पटना पार्क प्रमंडल, पटना को यह अधिकार होगा कि बिना कारण बताये किसी या सभी निविदा को अस्वीकृत कर दें या निविदा को रद्द कर दें।

30. किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा पटना जिला न्यायालय क्षेत्र के अधीन मान्य होगा।

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
पटना पार्क प्रमंडल, पटना।

# e-Tender Notice No-05/e-PROC/PATPARK/2026-27

## तकनीकी निविदा प्रपत्र–ख

प्रेषक,

नामः–
पिता का नामः–

पत्राचार का पताः–
दूरभाष / मोबाईल संख्या–
ई–मेल –

सेवा में,

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
पटना पार्क प्रमंडल, पटना।

महाशय,

गंगा पथ पिकनिक जोन के निर्धारित स्थल पर 17' लम्बा 6' चौड़ा एवं 6'-6" ऊँचा बैलगाड़ी गाड़ीवान की आकृति सभी कर सहित स्क्रैप एवं एस.एस. मैटेरियल से निर्माण एवं स्थापना हेतु अर्पित मूल्य

| कार्य का नाम | आकृति का माप | अर्पित मूल्य (अंक एवं शब्दों में) |
|---|---|---|
| बैलगाड़ी गाड़ीवान सहित की आकृति निर्माण एवं स्थापना | 17' लम्बा<br>6' चौड़ा<br>6'-6" ऊँचा | |

1. अंकित पते पर जो भी पत्राचार किया जाएगा, मुझे स्वीकार्य होगा।
2. निविदा में उल्लेखित शर्तों का अक्षरशः पालन करने का बचन देता हूँ तथा समय–सीमा का पालन करूँगा।
3. मैंने निविदा के सभी शर्तों को पढ़ा / पढ़वाया और समझा है तथा मैं सभी शर्तों को स्वीकार करता हूँ।

आपका विश्वासी,

पत्राचार का पूरा पताः–

मो०+पो०+थानाः–

जिलाः–

पिन कोडः–

मोबाईल नं०:–

ई–मेलः–

# e-Tender Notice No-05/e-PROC/PATPARK/2026-27

## तकनीकी निविदा प्रपत्र–क

| क्रमांक | तकनीकी सूचना | निविदात्र्ता द्वारा समर्पित सूचना | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदादाता प्रपत्र का मूल्य रू० 2,000 / –(दो हजार) (NEFT/RTGS/Credit Card/Debit Card, Net Banking) से द्वारा भुगतान किये जाने का प्रमाण। | | |
| 2 | सत्यंकार (अग्रधन की राशि) 60,000 / – (रूपये साठ हजार) (NEFT/RTGS/Credit Card/Debit Card, Net Banking) भुगतान किये जाने का प्रमाण। | | |
| 3 | पैन कार्ड की प्रति। | | |
| 4 | जी.एस.टी. प्रमाण–पत्र की प्रति। | | |
| 5 | पता और पहचान–पत्र से संबंधित स्वःहस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र की छायाप्रति। | | |
| 6 | आकृति निर्माण कलाकृति से संबंधित कोई प्रमाण छायाचित्र / कार्यस्थल का विवरण, सरकारी / गैर सरकारी संस्था द्वारा दिये गये कार्यादेश की प्रति प्रमाण स्वरूप संलग्न किया जाना है। | | |
| 7 | राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित हस्ताक्षर (मूलरूप में)। | | |
| 8 | नोटरी का मूल शपथ–पत्र जिसमें निविदाकर्त्ता घोषणा करेंगे कि उनका नाम सरकारी / गैर सरकारी संस्था द्वारा काली सूची में दर्ज नहीं किया गया है और न ही कृष्णचिन्हित किया गया है। | | |
| 9 | नोटरी का मूल शपथ–पत्र जिसमें निविदाकर्त्ता घोषणा करेंगे कि उनके द्वारा निविदा के साथ समर्पित कोई भी कागजात / अभिलेख निविदा खोलने के समय अथवा उसके बाद कभी भी असत्य, जाली अथवा नकली पाया जाता है तो उनके विरूद्ध सक्षम प्राधिकार द्वारा विधि सम्मत कार्रवाई की जा सकती है। | | |
| 10 | आकृति का डिजाईन एवं फोटोग्राफ करें। | | |
| 11 | चरित्र प्रमाण–पत्र करें। | | |

निविदाकर्ता का हस्ताक्षरः–

पूरा पताः–

मो०+पो०+थानाः–

जिलाः–

पिन कोडः–

मोबाईल नं०ः–

ई–मेलः–